उप महानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) ने किया भा.कृ.अनु.प.-सीफेट लुधियाना में इनोवेटिव स्टोरेज सॉल्यूशंस पर शीतकालीन स्कूल प्रशिक्षण का उद्घाटन

लुधियाना, 18 नवंबर, 2022: भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय कटाई-उपरान्त अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सीफेट), लुधियाना ने अभिनव भंडारण समाधानों पर प्रशिक्षण 'कटाई-उपरान्त नुकसान को कम करने और किसानों की आय को दोगुना करने का सबसे अच्छा तरीका' पर भा.कृ.अनु.प. द्वारा प्रायोजित शीतकालीन स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। यह कार्यक्रम 18 नवंबर से 8 दिसंबर, 2022 के दौरान आयोजित किया जाएगा। डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले, निदेशक, भा.कृ.अनु.प.-सीफेट, तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम निदेशक ने स्वागत भाषण दिया और 21 दिनों के कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संकाय के साथ-साथ प्रतिभागियों के बीच बहु-विषयक विविधता के बारे में भी बताया। डॉ. के. नरसईया, एडीजी (प्रक्रिया इंजीनियरिंग), भा.कृ.अनु.प. ने कृषि उपज के भंडारण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने खाद्य भंडारण के क्षेत्र में किए जा रहे आधुनिकीकरण पर भी बात की। डॉ. एस.एन. झा, उप महानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी), भा.कृ.अनु.प., कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित किया और भारतीय कृषि में कटाई उपरान्त के प्रसंस्करण और भंडारण की विशिष्ट भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम का समन्वयन पाठ्यक्रम सह समन्वयक डॉ. भूपेंद्र एम. घोड़की एवं डॉ. थिन्गुजम विद्यालक्ष्मी देवी, वैज्ञानिक, कृषि संरचना एवं वातावरण नियंत्रण प्रभाग ने किया । इस कार्यक्रम में भा.कृ.अनु.प के के विभिन्न संस्थानों के और एसएयू के 21 प्रतिभागि भाग ले रहे है। इस कार्यक्रम में भा.कृ.अनु.प.-सीफेट के वैज्ञानिको ने भी भाग लिया।

भाकृअनुप – सीफेट
ICAR-CIPHET